THE MINISTER OF STATE IN THE MINSTRY OF DEFENCE (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir.

(b) to (d) Do not arise.

अग्नि का सेना में शामिल किया जाना

4936. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री दिग्विजय सिंह :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सेना में मध्यम दूरी तक मार करने वाले प्रक्षेपास्त्र "अग्नि" को शामिल न करने का निर्णय लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या है और यदि नहीं तो इसे कब तक शामिल कर लिया जायेगा ?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : **(क) और (ख)** "अग्नि" एक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली नहीं है । रि-एण्टरी तकनालाजी स्थापित करने के लिए यह एक तकनालाजी प्रदर्शन वाहन है । 19 फरवरी, 1994 को अपने तीसरे उड़ान परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो गई है ।

इलेक्ट्रानिकी के विकास के लिए राशि

4937. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) चालू वर्ष के दौरान और आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान इलेक्ट्रानिकी के विकास के लिए राज्यवार कुल कितना आबंटन किया गया है ।

(ख) इन आबंटनों में मध्य प्रदेश का जिलावार हिस्सा कितना है :

(ग) चालू वर्ष के दौरान और आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान मध्य प्रदेश में चालू की गयी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) मध्य प्रदेश हेतु इस क्षेत्र के लिए विदेशी निवेश के मंजूर किये गये प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ?

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय, इलेक्ट्रानिकी विभाग तथा महासागर विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्ड फलेरियो) : (क) योजना आयोग राज्यों के लिए इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र के लिए कोई विशिष्ट उप क्षेत्रवार आबंटन नहीं करता है । इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र के लिए केन्द्रीय सरकार का परिव्यय नीचे दिए अनुसार है :—

अवधि	परिव्यय
1994-95—140.6	करोड़ रुपए
आठवीं योजना—611	करोड़ रुपए

(ख) इलेक्ट्रानिकी के क्षेत्र में केन्द्रीय परिव्यय का राज्यवार कोई विशिष्ट आबंटन नहीं है । इलेक्ट्रानिकी विभाग अपने स्रोतों को विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों पर इलेक्ट्रानिकी उद्योग की आवश्यकताओं के आधार पर आबंटित करता है, जिसका निर्धारण विभिन्न विशेषज्ञ परिषदों तथा समितियों द्वारा किया जाता है ।

(ग) मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि की सहायता से विभिन्न संगठनों/संस्थानों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों का सूची विवरण (नीचे देखिए) में दी गई है

(घ) वर्ष 1993 के दौरान फैक्स कार्डों एवं अन्य संचार वस्तुओं तथा वीडियो टेप कैसटों के विनिर्माण के लिए इलेक्ट्रानिकी हार्डवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (ईएचटीवी) तथा 100% नियार्तोन्मुखी (ईओयू) योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य में 2 प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया है जिसमें 157 लाख रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश शामिल है

विवरण

मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रानिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से चल रही परियोजनाओं/कार्यक्रमों की सूची

क्र० सं०	परियोजना का शीर्षक	संगठन/संस्थान का नाम
1	2	3
1.	विद्युत् चिकित्सीय उपस्कर अनुरक्षण	मध्य प्रदेश राज्य इक्लेट्रॉनिकी विकास निगम, भोपाल।
2.	पोटाश के लिए मृदा पोषक तत्वों आकलन प्रणाली और मण्डी के वातावरण में अनाज के भण्डारण के लिए महत्वपूर्ण पैरामीटरों की निगरानी हेतु पी० सी० पर आधारित प्रणाली।	आई० ई० पी० पी० केन्द्र, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर।
3.	एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए ऊर्जा प्रबंध प्रणाली का विकास।	भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई।
4.	सिन्टर संयंत्र स्वचालन तथा प्रणाली इंजीनियरी।	भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई।
5.	एन० एच० वी० डी० सी० परियोजना चरण-II	भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि० एक राष्ट्रीय दल का नेतृत्व कर रही है जिसको डी० एच० आई०—इलेक्ट्रॉनिकी विभाग—डी० ओ० पी०—भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि०—मध्य प्रदेश विद्युत् बोर्ड—आन्ध्र प्रदेश विद्युत् बोर्ड, बरसूर द्वारा संयुक्त रूप से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।
6.	लेसर विकिरण द्वारा पानी के अन्दर पराध्वनिक तरंगों का उदीपन।	देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर।
7.	आनुवांशिक एल्ग्रोथिम का प्रयोग करते हुए मानक सेल के नियोजन के लिए एक सा० फ्ट-वेयर पैकेज।	देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर।
8.	एक-बहुउद्देशीय प्रशिक्षण एवं उत्पादन एवं सेवा केन्द्र की स्थापना।	सोसाइटी फार इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्प्यूटर टेक्नोलाजी, भोपाल।
9.	इलेक्ट्रानिकी परीक्षण तथा विकास केन्द्र	मापगुनि निदेशालय, इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, इन्दौर।
10.	जनशक्ति विकास कार्यक्रम	
	(i) इलेक्ट्रॉनिकी उद्योग विकास परियोजना (जनशक्ति)	(क) श्री जी० एस० प्रौद्योगिकी तथा विज्ञान संस्थान, इन्दौर। (ख) श्री वैष्णव पोलिटेक्निक, इन्दौर

1	2	3
	(ii) इलेक्ट्रॉनिकी विभाग-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विज्ञान निष्पात (ई० एस०) कार्यक्रम ।	देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दोर ।
	(iii) कम्प्यूटर के लिए विशिष्ट जनशक्ति का सृजन	(क) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
		(ख) ए० पी० एस० विश्वविद्यालय, रीवा
		(ग) मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी कालेज; भोपाल ।

Indiscriminate purchases by ET&T Corporation Ltd.

4938. SHRI RAMACHANDRAN PILLAI) : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the ET&T Corporation Ltd. has no standard purchase policy till date;

(b) whether in the absence of such a policy, indiscriminate purchase are made without the concurrence of Director (Marketing); and

(c) if so, what corrective action government proposes to take in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS & FERTILIZERS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND OCEAN DEVELOPMENT (SHRI EDUARDO FALEIRO) : (a) to (c) ET & T Corporation Ltd. consistantly follows the prescribed procedure for the purchase of items whether against specific marketing requirement or for stock and sale with offers obtained from more than three parties for all non-proprietory items being secrutinised by Purchase and Accounts Departments before they are placed before the competent authority for final approval.

Improts beyond Rs. 100 lakhs and Domestic purchases beyond Rs. 50 lakhs are reported to the Board of Directors of the Corporation at the next meeting.

Export/Import of Electronic Components

4939. SHRI BHUPINDER SINGH MANN : Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) what is the amount spent on the import of electronic components in India;

(b) what are the names of leading countries exporting electronic components to India;

(c) what is the quantum of India's exports in this regard to other countries;

(d) what is the import component of these exports ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS & FERTILIZERS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND OCEAN DEVELOPMENT (SHRI EDUARDO FALEIRO) : (a) Since foreign trade data is maintained only for broad commodity group, data for import of electronic components is not separately available.